# कार्यालय, जनपद न्यायाधीश, बुलन्दशहर।

## विज्ञप्ति

जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर में संविदात्मक आधार पर अंशकालिक सफाईकर्मियों के कुल 09 पूर्णतया अस्थायी पद (रु 8840/– मासिक नियत मानदेय) पर चयन हेतु निर्धारित प्रारुप पर आवेदन पत्र दिनांक 21.11.2024 सुबह 10 बजे से 06.12.2024 सांय 05 बजे तक कार्यालय केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर में व्यक्तिगत रुप से एवं डाक द्वारा आमंत्रित किये जाते है। उपर्युक्त समस्त अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 13.12.2024 को अपराह्न 04:30 बजे कान्फ्रेन्सिंग रुम, अष्ठकक्षीय भवन, न्यायालय परिसर, जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर में चयन समिति द्वारा आयोजित किया जायेगा।

| पद का नाम | अंशकालिक स्वीपर/सफाईकर्मी |
|---|---|
| पद संख्या | 09 |
| आवेदन हेतु न्यूनतम व अधिकतम आयु | 18 वर्ष–40 वर्ष<br>(आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जायेगी।) |
| वेतन | रु 8840/– प्रति माह (नियत मानदेय) |

चयन हेतु निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारुप, अर्हताऍ तथा शर्ते माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अधिकारिक वेबसाईट www.allahabadhighcourt.in एवं जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर की आधिकारिक वेबसाईट http://districts.ecourts.gov.in/bulandshahr पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त अनुबन्ध से सम्बन्धित अन्य विवरण जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर के सूचना पट्ट/केन्द्रीय नजारत से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(शिवा नन्द),
अध्यक्ष,
अंशकालिक स्वीपर/सफाई कर्मचारीगण चयन समिति
एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
त्वरित न्यायालय, कक्ष संख्या–03,
बुलन्दशहर।
कृते जनपद न्यायाधीश, बुलन्दशहर।

**प्रतिलिपि सूचनार्थ।**

1. माननीय जनपद न्यायाधीश, बुलन्दशहर को महोदय द्वारा दिये गये दिशा–निर्देशों के कम में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. नाजिर, सदर कलैक्ट्रट, बुलन्दशहर।
3. नाजिर, तहसील सदर, बुलन्दशहर।
4. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, बुलन्दशहर।
5. मुख्य विकास अधिकारी, विकास भवन, बुलन्दशहर।
6. जिला सूचना अधिकारी, बुलन्दशहर में समाचार पत्र में नियमानुसार निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7. केन्द्रीय नाजिर को सूचना पट्ट, जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर पर चस्पा करने हेतु।
8. रेलवे स्टेशन, बुलन्दशहर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
9. बस स्टेशन, बुलन्दशहर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
10. सिस्टम ऑफिसर, जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर को माननीय उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर की आधिकारिक वेबासाईट पर अपलोड करने हेतु।
11. उप नाजिर, बाह्य स्थित न्यायालय, खुर्जा को न्यायालय के सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
12. उप नाजिर, बाह्य स्थित न्यायालय, अनूपशहर को न्यायालय के सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
13. लिपिक, सूचना पट, ग्राम न्यायालय, स्याना पर चस्पा कराये जाने हेतु।
14. लिपिक, सूचना पट, ग्राम न्यायालय, डिबाई पर चस्पा कराये जाने हेतु।

# अंशकालिक स्वीपर/सफाई कर्मचारी चयन समिति , जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर।

## अंशकालिक स्वीपर/सफाईकर्मी के पद पर अनुबंध हेतु सामान्य निर्देश एवं आवश्यक अर्हताऐं।

सफाईकर्मियों के उक्त पद विशुद्ध रुप से अस्थायी है। उपरोक्त नियत मानदेय के अतिरिक्त भत्ता आदि देय नहीं होगा। अनुबंधित अभ्यर्थी की सेवा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त आवश्यक अर्हताऐं निम्नः प्रकार हैः–

1. आवेदक सफाई कार्य में दक्ष होना चाहिए।
2. आवेदक की आयु 01.11.2024 को 18 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जायेगी।
3. आवेदक द्वारा जन्म तिथि प्रमाण पत्र या कोई पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड/वोटर कार्ड आदि की स्वः प्रमाणित प्रतियॉ आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
4. इच्छुक व्यक्तियों द्वारा अपने निवास क्षेत्र के दो संभ्रान्त व्यक्तियों द्वारा जारी किया गया चरित्र प्रमाण पत्र प्रार्थना पत्र के साथ सलंग्न करना आवश्यक है।
5. चयन हेतु साक्षात्कार की प्रकिया अपनायी जायेगी।
6. अभ्यर्थी दिनांक 06.12.2024 दिन शुक्रवार सांय 05 बजे तक तक अपने सम्पूर्ण मूल अभिलेख एवं प्रार्थना पत्र केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर में जमा करेगा तथा आवेदकगण साक्षात्कार हेतु दिनांक 13.12.2024 को अपरान्ह 04:30 बजे जनपद न्यायालय परिसर में उपस्थित होंगे। यदि चयन समिति का कोई भी सदस्य अवकाश पर अथवा साक्षात्कार लेने की स्थिति में नही रहता है तो उक्त परिस्थिति में साक्षात्कार की नई तिथि निर्धारित की जायेगी।
7. किसी भी तरह की सिफारिश अयोग्यता मानी जायेगी, जिसके आधार पर आवेदक की उम्मीदवारी सरसरी तौर पर निरस्त कर दी जायेगी।
8. अभ्यर्थी का कार्य चयन अधिकारी की सन्तुष्टि के अधीन उत्तम होनी चाहिए। अनुबन्ध के समय अभ्यर्थी द्वारा इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि उसे विधि द्वारा स्थापित न्यायालय द्वारा किसी नैतिक अधमता के अपराध हेतु दण्डित नहीं किया गया है।
9. अनुबन्धित अभ्यर्थियों को मुख्य चिकित्साधिकारी, बुलन्दशहर द्वारा जारी स्वास्थ्यता प्रमाण–पत्र प्राप्त कर अनुबन्ध की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत करना आवश्यक है।
10. साक्षात्कार हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता (No T.A./D.A.) देय नहीं होगा।
11. अनुबन्धित अंशकालिक सफाईकर्मियों को नियमित सेवा का कोई अधिकार नहीं होगा।
12. अभ्यर्थी को अनुबन्ध पत्र तीन माह के लिये जारी होगा। तीन माह उपरान्त इनके कार्य आचरण की समीक्षा के उपरान्त इनकी सेवा को समय–समय पर बढ़ाया जा सकता है।

(डा0 सुरेश कुमार),
सदस्य,
अंशकालिक सफाई कर्मचारीगण
चयन समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
त्वरित न्यायालय, कक्ष संख्या–04,
बुलन्दशहर।

(शहजाद अली),
सदस्य,
अंशकालिक सफाई कर्मचारीगण
चयन समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
न्याय कक्ष संख्या–07/सचिव,
डी.एल.एस.ए, बुलन्दशहर।

(शिवा नन्द), 19/XI/24
अध्यक्ष,
अंशकालिक सफाई कर्मचारीगण
चयन समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
त्वरित न्यायालय, कक्ष संख्या–03,
बुलन्दशहर।

Approved
21.11.24
Manjeet Singh Sheorn
District Judge
Bulandshahr

# जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर में अंशकालिक स्वीपर/सफाईकर्मी के पद हेतु आवेदन पत्र

## प्रारुप

नवीनतम फोटो

1. आवेदक का नाम..............................................................................................

2. पिता का नाम..............................................................................................

3. जाति(आरक्षण श्रेणी)(यदि लागू हो तो) ..............................................................
(यदि आयु सीमा में छूट का दावा किया गया है तभी भरा जाये और सम्बन्धित प्रमाण पत्र की स्वः प्रमाणित प्रति दाखिल की जायें)

4. पत्राचार का पता..............................................................................................

5. जन्मतिथि..............................................................................................

6. ई.मेल. आई.डी. (यदि हो तो)..............................................................................

7. मोबाईल नम्बर..............................................................................................

8. आधार/पहचान पत्र संख्या..............................................................................

9. शैक्षिक योग्यता का विवरण (यदि कोई हो तो)..................................................

| क.सं. | शैक्षिक योग्यता | उत्तीर्ण वर्ष | संस्थान/स्कूल का नाम | बोर्ड का नाम (यदि लागू हो तो) | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

10. कार्य अनुभव का विवरण (यदि कोई हो तो)

| क.सं. | संस्था का नाम | पदनाम | कब से | कब तक | विज्ञप्ति पद के सापेक्ष अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

## घोषणा पत्र।

मै श्री/श्रीमती..............................................निवासी.............................................. यह घोषणा करता/करती हूँ, कि आवेदन पत्र में मेरे द्वारा भरी गई उपरोक्त जानकारी पूर्णतया सत्य है। यदि चयन प्रकिया के दौरान/नियुक्ति के पश्चात उपरोक्त में से कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो अंशकालिक स्वीपर/सफाईकर्मी के पद हेतु मेरी पात्रता को रद्द कर दिया जायें/नियुक्ति के उपरान्त मुझे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाये।

दिनांकः
स्थान

आवेदक का नाम